भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
28.07.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1408 का उत्तर

रेलवे पटरियों का विद्युतीकरण/दोहरीकरण

1408. श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक राज्य में विद्युतीकरण और रेल पटरियों के दोहरीकरण की जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) कर्नाटक में स्वीकृत रेलवे खंडों का ब्यौरा क्या है जिन पर कार्य चल रहा है और कितने किलोमीटर मार्गों को स्वीकृति प्रदान की है;

(ग) क्या सरकार की बैंगलोर से अन्य आसपास के स्थानों तक मेमू ट्रेनों का विस्तार करने और उन पर ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाने की कोई योजना है; और

(घ) यदि हां, तो कर्नाटक में लंबित रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

********

S.K

रेलवे पटरियों के विद्युतीकरण/दोहरीकरण के संबंध में दिनांक 28.07.2021 को लोक सभा में श्री प्रज्ज्वल रेवन्ना के अतारांकित प्रश्न सं.1408 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): रेल परियोजनाओं को क्षेत्रीय रेलवे-वार स्वीकृत किया जाता है न कि राज्य-वार, क्योंकि भारतीय रेल का नेटवर्क विभिन्न राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है। 01.04.2021 की स्थिति के अनुसार, 'रेल विद्युतीकरण' योजना शीर्ष के तहत, कर्नाटक राज्य में पूर्णतया/आंशिक रूप से पड़ने वाली 2,717 किलोमीटर लंबाई की 4,151 करोड़ रु. की लागत वाली 13 परियोजनाएं योजना/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें से 490 किमी लंबाई को चालू कर दिया गया है और मार्च, 2021 तक 1,390 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

कर्नाटक राज्य में पूर्णतया/आंशिक रूप से पड़ने वाली 1,961 किमी कुल लंबाई की 15 दोहरीकरण परियोजनाएं, जिनकी लागत 22,091 करोड़ रु. है, योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं जिनमें से 909 किमी लंबाई को चालू कर दिया गया है और मार्च, 2021 तक 10,734 करोड़ रु. का व्यय किया गया है।

(ख): कर्नाटक राज्य दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर), मध्य रेलवे (सीआर), दक्षिण रेलवे (एसआर), दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अंतर्गत आता है। लागत, व्यय और परिव्यय सहित सभी चालू रेलवे परियोजनाओं का विवरण भारतीय रेल की वेबसाइट अर्थात् www.indianrailways.gov.in >Ministry of Railways >Railway Board >About Indian Railways >Railway Board Directorates >Finance (Budget)>Rail Budget/Pink book (year)> Railway-wise Works Machinery & Rolling Stock Programme पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाता है।

वर्ष 2014-19 के दौरान कर्नाटक राज्य में पूर्ण रूप से/आंशिक रूप से पड़ने वाली अवसंरचनात्मक परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए औसत वार्षिक बजट आबंटन को 2009-14 के दौरान 835 करोड़ रु. से बढ़ाकर 2,702 करोड़ रुपए किया

**गया है जो कि 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय से 224% अधिक है तथा वित्त वर्ष 2021-22 के लिए इन कार्यों के लिए 4,204 करोड़ रुपए का बजट परिव्यय मुहैया कराया गया है जो 2009-14 के औसत वार्षिक बजट परिव्यय के संबंध में 403% अधिक है।**

**(ग) और (घ): कोविड-19 वैश्विक महामारी को फैलने से रोकने के लिए, भारतीय रेल द्वारा 23.03.2020 से सभी यात्री गाड़ियों को बंद कर दिया गया है। इस समय, राज्य सरकार की चिंताओं और सुझावों तथा जारी की गई स्वास्थ्य संबंधी सलाह को ध्यान में रखते हुए केवल विशेष गाड़ियां ही संचालित की जा रही हैं। मौजूदा स्थिति में, बेंगलुरू से मेमू सेवाओं की आवृत्ति बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।**

******

S.K